# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए कल वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस पारित कर दिया। लोकसभा में दो सौ अठासी सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में, जबकि दो सौ बत्तीस सदस्यों ने विरोध में मतदान किया।

सदन में कल देर रात बारह घंटे से अधिक समय तक विधेयक पर चर्चा हुई। इस विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रावधान है।

विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कल इस धारणा को गलत बताया है कि गैर–मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं है।

**यह किसी का जमीन छीनने का कानून नहीं है, राज्य सरकारों को अधिकार दिया गया है कि जो ऑलरेडी रजिस्टर्ड है उसका कोई डिस्प्यूट नहीं है लेकिन जो डिसप्यूटेड हैं जो कोर्ट में पेंडिंग हैं उसको हम यहां कानून बनाकर कैसे हटा सकते हैं।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वक्फ संशोधन बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार जताया है। प्रयागराज में एक जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगा कर अत्यंत महत्वपूर्ण वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस पारित किया गया है। वहीं, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा में इस बिल का विरोध करते हुए कहा कि इससे दुनिया में गलत संदेश जाएगा और देश की सेकुलर इमेज को बहुत धक्का लगेगा।

इस बीच, आज राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस को विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में पहुंच कर निषादराज गुहा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु श्री राम और राजा निषाद से जुड़ी कथाओं तथा एक जनपद–एक उत्पाद ओडीओपी पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में पांच सौ उन्यासी करोड़ रुपये की एक सौ इक्यासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार आने के बाद से प्रभु श्रीराम और निषादराज के मिलन का भव्य स्मारक, निषादराज पार्क के रूप में देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की।

**मत्स्य संपदा योजना में चौदह सौ मत्स्य पालकों को करोड़ो रुपया वितरित हुआ है। उसके चेक वितरित हुए हैं। उनके एकाउंट में पैसा गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों के मकान बन रहे हैं, दिव्यांगजनों को पेंशन मिल रही है, निराश्रितों को पेंशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। हर गरीब के लिए आवास की सुविधा प्राप्त हो रही है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। उन्होंने मेहंदीगंज राजातालाब पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल की तैयारियां देखीं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने और पूरी हो चुकी योजनाओं की सूची तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की और प्रधानमंत्री द्वारा जनता को भेंट की जाने वाली परियोजनाओं की जानकारी भी ली। आगामी दस से तेरह अप्रैल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**********

चैत्र नवरात्र में आज मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में मां कात्यायनी से जनकल्याण की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि मां कात्यायनी भय, रोग और शोक संताप को हरने वाली हैं। इस अवसर पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों पर श्रद्धालु आज भोर से ही दर्शन पूजन कर रहे हैं। वाराणसी स्थित कात्यायनी देवी मंदिर में माता के दर्शन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है। इस मंदिर को शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस अंचल में कल से सात अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा, हांलाकि आठ और नौ अप्रैल को भी तराई के क्षेत्रों में कहीं कहीं हल्की वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान है। विभाग ने आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है।

**********